धर्मशाला का ताला तोड़कर दूसरा लगाने पर विवाद

सूरतगढ़ । सूरतगढ़ की श्री कुंडिया सारस्वत समाज समिति ने अपनी धर्मशाला के मुख्य गेट का ताला तोड़कर दूसरा ताला लगाने वालों के खिलाफ नाराजगी जताई है। समिति ने बीकानेर रोड पर लाहोटी पेट्रोल पंप के सामने स्थित धर्मशाला पर कब्जे और आर्थिक नुकसान की नीयत से ताला तोड़े जाने का आरोप लगाया। इस मामले में समिति के अध्यक्ष लक्ष्मण शर्मा, सचिव पवन कुमार तावणिया और कामरेड मदन ओझा के नेतृत्व में गुरुवार को समाज के पदाधिकारियों और सदस्यों ने उपखंड अधिकारी भरत जयप्रकाश मीना को ज्ञापन सौंपकर मुकदमा दर्ज करने और कार्रवाई की मांग की।

ज्ञापन में बताया गया कि धर्मशाला में निर्माण कार्य चल रहा था, जो फिलहाल बंद है। इस कारण मुख्य गेट पर ताला लगाया गया था। समिति का आरोप है कि कुछ लोग धर्मशाला पर कब्जा करने और संस्था को नुकसान पहुंचाने की मंशा से समय-समय पर विवाद पैदा कर रहे हैं। इन लोगों ने उपखंड अधिकारी को गुमराह कर उनके सामने मुख्य गेट का ताला तोड़कर अपना ताला लगा दिया। समिति ने इसे गैरकानूनी करार देते हुए कहा कि उपखंड अधिकारी के समक्ष केवल एक पक्ष की बात रखी गई, जबकि समिति की जानकारी नहीं ली गई। इस घटना से सारस्वत समाज में भारी आक्रोश है।

समिति ने मांग की है कि ताला तोड़ने वालों के खिलाफ तुरंत कानूनी कार्रवाई की जाए और धर्मशाला का ताला खुलवाकर चाबी समिति को सौंपी जाए। प्रशासन ने ज्ञापन लेते हुए जांच का आश्वासन दिया है। वहीं समाज ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो आंदोलन तेज किया जाएगा। ज्ञापन और प्रदर्शन के दौरान लक्ष्मण शर्मा, पवन कुमार तावणिया, मदन ओझा, सत्यनारायण तावणिया, सुरेंद्र ओझा, देवेंद्र शर्मा, सत्यनारायण सारस्वा, एडवोकेट शीशपाल सारस्वत, एडवोकेट रामप्रताप तिवाड़ी, पवन भोजक, संतोष तावनिया, सुशील तावनिया, अनिल सारस्वत सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए।

प्रो. गर्ग ने एसकेआरएयू के कुलगुरु का अतिरिक्त कार्यभार संभाला

■ डीन, डायरेक्टर्स के साथ बैठक में विश्वविद्यालय में संचालित गतिविधियों की जानकारी ली

बीकानेर, । बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. अखिल रंजन गर्ग ने गुरुवार को केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय के कुलगुरु का अतिरिक्त कार्यभार ग्रहण किया। विश्वविद्यालय स्टाफ की ओर से प्रो गर्ग का अभिनन्दन किया गया। पदभार ग्रहण करने के बाद प्रो गर्ग ने कहा कि स्थानीय किसानों को उन्नत कृषि तकनीक और प्रोद्यौगिकी का अधिक से अधिक लाभ मिले, विद्यार्थी कृषि उद्यमिता की दिशा में आगे बढ़ें, इसके लिए विश्वविद्यालय वैज्ञानिकों के सहयोग से समन्वित प्रयास किए जाएंगे।विश्वविद्यालय स्टाफ ने पुष्पगुच्छ भेंट कर कुलगुरु का स्वागत किया।

प्रो. गर्ग ने डीन, डायरेक्टर्स के साथ समीक्षा बैठक कर विश्वविद्यालय में संचालित गतिविधियों की जानकारी ली। स्थानीय किसानों की समस्याओं पर प्राथमिकता से शोध करने के निर्देश देते हुए कुलगुरु ने कहा कि किसानों को तकनीक का फायदा मिले तथा उनकी अतिरिक्त आय सृजित हो सके, इसके लिए संवाद बढ़ाने की आवश्यकता है। स्थानीय फसलों और उनमें आने वाली चुनौतियों को प्राथमिकता से देखा जाए।

प्रो गर्ग ने विश्वविद्यालय में संचालित अनुसंधान परियोजनाओं की जानकारी ली। विश्वविद्यालय परिवार ने नए कुलगुरु को शुभकामनाएं दीं।प्रो.गर्ग को तकनीकी अनुसंधान व शैक्षणिक क्षेत्र में 33 वर्षों का अनुभव रहा है। वर्तमान में वे बीटीयू कुल गुरु के साथ सरदार पटेल पुलिस विश्वविद्यालय के अकादमिक परिषद सदस्य, जेएनवीयू के सीनेट सदस्य, राजस्थान विश्वविद्यालय के सिंडीकेट सदस्य और राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय के बॉम के सदस्य हैं। प्रो गर्ग जोधपुर कृषि विश्वविद्यालय का अतिरिक्त प्रभार भी देख रहे हैं ।गर्ग ने आईआईटी दिल्ली से पीएचडी की उपाधि प्राप्त की है।

अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ (एकीकृत) के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों ने कुल गुरु प्रो अखिल रंजन गर्ग का साफा पहनाकर अभिनन्दन किया। इस दौरान महासंघ के प्रतिनिधि मण्डल में उपाध्यक्ष राणीदान सिंह, उपाध्यक्ष मदनपाल सिंह, पुखराज जागरवाल, महामंत्री हुकुम सिंह, प्रचार मंत्री राजीव खेतावत, मंत्री समुन्द्र सिंह, भानुप्रताप सिंह, डी.एल. रॉय, रामनिवास, दिलीप कुमार एवं समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे। अन्य संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी कुलगुरु से मुलाकात की।

स्वर्णजड़ित गणेश की स्थापना

बीकानेर। गणेश चतुर्थी पर भक्तों द्वारा गणेश स्थापनाएं की जाती है। तथा उनके मनोवांछित फल की कामना की जाती है। मुक्ताप्रसाद कॉलोनी में स्वर्णजड़ित गणेश की स्थापना की गई हैं। इन गणेश के मुखारबिन्द को 24 कैरेट का सोने के वर्क से तैयार किया गया है। साथ विभिन्न रतन एवं मोतियों से जड़ित आभूषणों द्वारा गणेश का भव्य श्रृंगार किया गया है। पं. षिव श्रीमाली ने बताया कि गणेश बुद्धि एवं स्मृद्धि देने वाले है। इनकी स्थापना कर सभी भक्तजन मनोवांछित फल प्राप्त करते है। पं. विजय श्रीमाली ने बताया कि बीकानेर में स्वर्ण जड़ित गणेश स्थापना अपने आप में मंगल एवं सर्वसिद्धि दायक माने जाते है। यहां बीकानेर के सभी हिस्सों से भक्त आकर अपनी मनोकामना हेतु आशिर्वाद प्राप्त करते है। यह गणेश महोत्सव गत 11 वर्षों से निरन्तर आयोजित हो रहा है। जिसमें प्रतिवर्ष गणेश को विभिन्न अलंकारों एवं आभूषणों से सुसज्जित किया जाता है।यश श्रीमाली ने बताया कि यह महोत्सव 10 दिन तक चलेगा।

सार-समाचार

रक्तदान शिविर 5 सितम्बर को

बीकानेर जमीअत उलमा-ए-हिन्द शाखा बीकानेर की जानिब से इंसानियत की खिदमत और मरीज़ों की ज़रूरत को पूरा करने के लिए हर साल की तरह इस साल भी 5 सितम्बर 12 रबीउल अव्वल पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। 17वाँ रक्तदान शिविर सुबह 09: बजे से दोपहर 04:बजे तक सुनारों का पंचायत भवन, पुरानी जेल रोडमें आयोजित किया जाएगा।जमीअत उलमा-ए-हिन्द शाखा बीकानेर के महासचिव मौलाना मोहम्मद इरशाद क़ासमी साहब ने कहा कि 'रक्तदान एक ऐसा अमल है जिससे इंसान की जान बचाई जा सकती है। यह मुहिम सरवर-ए-कायनात, रहमतुल्लिल आलमीन हज़रत मोहम्मद की यौमे विलादत की यादगार के तौर पर रखी जाती है, ताकि समाज में मोहब्बत, इंसानियत और भाईचारे का पैग़ाम आम हो सके।'

आम सभा 7 को

बीकानेर।पारीक समाज सार्वजनिकसम्पति ट्रस्ट, बीकानेर की कार्यकारिणी की मीटिंग में तय किया गया कि ट्रस्ट की वार्षिक आम सभा रविवार दिनांक 07सितम्बर को सुबह 11 बजे से समाज के परासर भवन, जस्सूसर गेट के बाहर, बीकानेर में रखी गई है। आम सभा का एजेन्डा मार्च तक के आय व्यय के लेखो का अनुमोदन ट्रस्ट हेतु सदस्य बनाने का सधन अभियान . सदस्यो हेतु श्रेणी एवं सदस्यता शुल्क का निर्धारण अन्य विचारणीय विषय अध्यक्ष की अनुमति से मीटिंग ट्रस्ट अध्यक्ष भवरलाल व्यास की अध्यक्षता में की गई जिसमे ट्रस्टी द्वारका दास पारीक मनमोहन व्यास, मदन गोपाल व्यास, डॉ. शिव प्रसाद जोशी, गिरिराज पारीक, धीरज पारीक आदि उपस्थित थे।

कभी भी हो सकता है हादसा

बीकानेर। ऐतिहासिक धरोहर जूनागढ़ के सामने स्थित पब्लिक पार्क का मुख्य गेट पूरी तरह जर्जर अवस्था में पहुँच चुका है। बीकानेर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव राहुल जादुसंगत ने बताया कि पब्लिक पार्क बीकानेर शहर की पहचान है और यह आमजन के मनोरंजन का प्रमुख केंद्र है। प्रतिदिन सैकड़ों लोग यहाँ सैर, खेलकूद और घूमने आते हैं, लेकिन जर्जर हो चुके गेट उनकी सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बन गए हैं। ादुसंगत ने कहा कि यदि समय रहते इनकी मरम्मत और संरक्षण का कार्य शुरू नहीं किया गया तो किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है, जिससे आमजन और पर्यटकों की जान को खतरा हो सकता है।

ऋषि पंचमी पर नोखा में मनाया रक्षाबंधन

नोखा । क्षेत्र में गुरुवार को ऋषि पंचमी पर्व पर रक्षाबंधन का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। माहेश्वरी समाज, ब्राह्मण समाज के सारस्वत समाज और दाधीच समाज की बहनों ने अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधी। नोखा के हिम्मटसर, रोड़ा, काकड़ा और आसपास के क्षेत्रों में यह पर्व अंगीरा ऋषि जयंती के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर बहनों ने भाइयों को राखी बांधकर उनकी सुरक्षा का संकल्प दिलाया और शुभकामनाएं दीं। ग्रामीण क्षेत्रों में बहनों ने ऋषि पंचमी की पारंपरिक कहानी सुनाई और अपने भाइयों की लंबी आयु की कामना की। यह परंपरा नोखा क्षेत्र में वर्षों से चली आ रही है, जहां रक्षाबंधन का पर्व ऋषि पंचमी के दिन मनाया जाता है।

कलेक्टर कल करेंगी जनसुनवाई

अनूपगढ । श्रीगंगानगर की कलेक्टर डॉ. मंजू शुक्रवार दोपहर 2 बजे अनूपगढ़ एडीएम कार्यालय में जनसुनवाई करेंगी। अनूपगढ़ एडीएम अशोक सांगवा ने इसकी जानकारी दी। इस विशेष जन शिविर में जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहेंगे। साथ ही अनूपगढ़, रायसिंहनगर, श्री विजयनगर और घडसाना क्षेत्र के ब्लॉक स्तरीय अधिकारी वीडियो कांफ्रेंस से जुड़ेंगे। शिविर में कोई भी व्यक्ति जिला कलेक्टर के सामने अपनी समस्या रख सकेगा।

रेलमार्ग से 1712 तथा हवाई मार्ग से 205 यात्री करेंगे यात्रा

■ जिला कलेक्टर ने जारी की लॉटरी

बीकानेर । वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना के तहत यात्रा करने वाले वरिष्ठ नागरिकों की लॉटरी प्रक्रिया गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। जिला कलक्टर श्रीमती नम्रता वृष्णि ने कंप्यूटर पर क्लिक कर चयनितों की सूची जारी की।

जिला कलेक्टर ने बताया कि देवस्थान विभाग द्वारा आयोजित होने वाली यात्रा के तहत लगभग आठ हजार यात्रियों के पांच हजार आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से कुल 1712 यात्रियों का रेल तथा 205 यात्रियों का हवाई यात्रा के लिए चयन किया गया है। उन्होंने बताया कि रेल मार्ग के 15 रूट और हवाई मार्ग का एक रूट निर्धारित किया गया है। यात्रा के लिए आवेदन इस वर्ष जुलाई-अगस्त में लिए गए थे। यात्रा सितंबर में प्रस्तावित है। उन्होंने बताया कि तीर्थ स्थानों की यात्रा पर आने वाला समूचा खर्च राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाएगा। राज्य सरकार द्वारा इस वर्ष 50 हजार वरिष्ठ नागरिकों को रेल मार्ग तथा 6 हजार नागरिकों को हवाई मार्ग द्वारा विभिन्न तीर्थ स्थानों की यात्रा करवाई जाएगी। रेल मार्ग द्वारा यात्रा के 15 रूट निर्धारित किए गए हैं। इनमें पहले रूट हरिद्वार-ऋषिकेश-अयोध्या-वारणसी तथा सारनाथ, दूसरा सम्मेद शिखर-पावापुरी-वाराणसी तथा सारनाथ, तीसरा मथुरा-वृंदावन-बरसाना-आगरा और अयोध्या, चौथा द्वारकापुरी-नागेश्वर और सोमनाथ, पांचवा तिरुपति और पद्मावती, छठा कामाख्या-गुवाहाटी, सातवां गंगासागर- कोलकाता, आठवां जगन्नाथपुरी-कोणार्क, नौवां रामेश्वरम-मदुरई, दसवां वैष्णो देवी-अमृतसर-बाघा बॉर्डर, ग्यारहवां गोवा के मंदिर और अन्य स्थल चर्च आदि, बारहवां महाकालेश्वर-उज्जैन-ओंकारेश्वर-त्रयंबकेश्वर-घृष्णेश्वर और एलोरा, तेरहवां बिहार-शरीफ, चौदहवां पटना साहिब तथा पंद्रहवां श्री हजूर साहिब नांदेड़ महाराष्ट्र निर्धारित किया गया है। हवाई जहाज यात्रा पशुपतिनाथ नेपाल के लिए करवाई जाएगी।

इस दौरान देवस्थान विभाग के सहायक आयुक्त गौरव सोनी, निरीक्षक सोनिया रंगा, सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग के उपनिदेशक गौरव भाटिया, पर्यटन विभाग के संयुक्त निदेशक अनिल राठौड़, डॉ. मुकेश जनागल सहित देवस्थान विभाग के गोपाल आचार्य, रीतेश श्रीमाली, अभिषेक आचार्य और कल्पिश शर्मा सहित अन्य कार्मिक मौजूद रहे।

अनूपगढ़ को मिली अत्याधुनिक एंबुलेंस

अनूपगढ । यहां गुरुवार से एक अत्याधुनिक एंबुलेंस सेवा शुरू हो गई है। ये फोर्स ट्रैवलर डब्लूयूबी3350 एएलएस श्रेणी की एंबुलेंस है। केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल की अनुशंसा पर व्यापार मंडल अनूपगढ़ की पहल से यह सुविधा मिली है।

एंबुलेंस में वेंटिलेटर, काडिन्यक मॉनिटर, ऑक्सीजन सिलेंडर और सक्शन मशीन जैसी आधुनिक सुविधाएं मौजूद हैं। इसमें स्ट्रेचर और प्राथमिक उपचार किट भी उपलब्ध है। इस एंबुलेंस की मदद से मरीजों को तत्काल प्राथमिक उपचार मिल सकेगा। साथ ही उन्हें सुरक्षित तरीके से बड़े अस्पतालों तक पहुंचाया जा सकेगा। व्यापार मंडल अध्यक्ष विजय कुमार नागपाल ने बताया कि क्षेत्र में चिकित्सा सुविधाओं की कमी थी। आपात स्थिति में मरीजों को समय पर इलाज नहीं मिल पाता था। कई बार गंभीर मरीजों को वेंटिलेटर की जरूरत पड़ती थी।

ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आने से वृद्ध की मौत

सूरतगढ़, यहा पीएमश्री सेठ रामदयाल राठी राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल में चल रहे मिट्टी भर्ती कार्य के दौरान एक वृद्ध ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आने से घायल हो गया जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक तेजभान (62) वार्ड नंबर 34 का निवासी था। वहीं, इसे लेकर सिटी पुलिस थाना में मृतक के बेटे की ओर से ट्रैक्टर ड्राइवर के खिलाफ मामला दर्ज करवाया गया है। राठी स्कूल के प्रिंसिपल पुष्कर लाल खत्री ने गुरुवार दोपहर को बताया कि बीते दिनों हुई लगातार बारिश के कारण स्कूल परिसर में जलभराव की समस्या सामने आ रही थी। इसे लेकर उन्होंने आमजन के सहयोग से स्कूल में मिट्टी भर्ती का कार्य एक ठेकेदार को दे रखा था। ठेकेदार के द्वारा ही स्कूल में ट्रैक्टर-ट्रॉली की मदद से मिट्टी का काम करवाया जा रहा था। बुधवार दोपहर को यहां श्रमदान कर रहा वृद्ध तेजभान ट्रैक्टर-ट्रॉली को पीछे करते समय उसकी चपेट में आकर घायल हो गया। प्रिंसिपल ने बताया कि घटना के तुरंत बाद वे स्कूल स्टाफ की कार से ही घायल तेजभान को लेकर ट्रॉमा सेंटर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने सीने में अंदरूनी चोट होने की वजह से उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया। जिसके बाद परिजन तेजभान को श्रीगंगानगर जिला अस्पताल ले गए। वहां इलाज के दौरान रात को तेजभान ने दम तोड़ दिया।

वहीं, सिटी थाना के हेड कॉन्स्टेबल महावीर प्रसाद ने बताया कि गुरुवार को सूचना मिलने के बाद वे श्रीगंगानगर जिला अस्पताल पहुंचे जहां मृतक के शव का पोस्टमॉर्टम करवाया गया। हेड कॉन्स्टेबल ने बताया कि इसे लेकर तेजभान अग्रवाल के पुत्र चिंटू सिंगल की ओर से ट्रैक्टर ड्राइवर के खिलाफ दुर्घटनाकारित करने के आरोप में मामला दर्ज करवाया गया है। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों के सौंप दिया।

कालीनाडी धाम में तीन दिवसीय लंगर

■ 50 सेवादार राशन सामग्री लेकर हुए रवाना, 29 अगस्त को होगा विशाल जागरण

सूरतगढ़, श्री भभूता सिद्ध महाराज लंगर सेवा समिति के देखरेख में कालीनाडी धाम पर आयोजित तीन दिवसीय लंगर भंडारे और जागरण के लिए 50 सेवादारों का जत्था रवाना हुआ। समिति के प्रधान भवानी शंकर स्वामी के नेतृत्व में यह जत्था नई मोटर मार्केट से ट्रकों में लंगर के लिए राशन सामग्री लेकर कालीनाडी धाम के लिए प्रस्थान हुआ। इस आयोजन में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए व्यापक व्यवस्थाएं की गई हैं। भवानी शंकर स्वामी ने बताया कि कालीनाडी धाम पर तीन दिनों तक चलने वाले लंगर भंडारे में यात्रियों के लिए चाय, नाश्ता, भोजन, दवाइयाँ, और पानी की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा, 29 अगस्त को रात्रि में विशाल जागरण का आयोजन होगा, जिसमें 185 आरडी भोजेवाला की जीत सिंह सोलंकी एंड पार्टी भजन मंडली भभूता सिद्ध महाराज की महिमा का गुणगान करेगी। लंगर भंडारे और जागरण की व्यवस्थाओं के लिए बनवारी लाल, गोविंद, जॉनी ढिल्लों, विजय वर्मा, राधेश्याम स्वामी, हेमंत डागा, श्रवण कुमार, उदयराम बनिया, किशन लाल स्वामी, सुभाष, रामकुमार ओझाइया, सुरेंद्र कौशिक, योगेश स्वामी, शाहिद सहित कई सेवादार शामिल हैं।

महिला टीचर से मारपीट

हनुमानगढ़ । यहां एक महिला टीचर के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। महिला टीचर ने सदर पुलिस थाने में मामला दर्ज कराया है।

सरस्वती सीनियर सेकेंडरी स्कूल गोलूवाला में कार्यरत सीमा रानी (39) अपने मोहल्ले में एक पड़ोसी के घर के बाहर दूसरी महिला से बात कर रही थी। इसी दौरान जसपाल सिंह नाम का व्यक्ति बाइक पर वहां से गुजरा। उसने महिला को गाली दी। जब सीमा रानी ने इसका विरोध किया, तो जसपाल बाइक से उतरकर उनके पास आया। उसने महिला के साथ मारपीट की। उसने महिला का हाथ मरोड़ दिया और नाखूनों से खरोंच लगा दी। आरोपी ने महिला का गला भी दबाया। महिला की आवाज सुनकर पड़ोसी महेंद्र चौधरी ने उसे बचाया। इस पर जसपाल ने महिला को जान से मारने की धमकी दी।

भागवत कथा से पहले निकली कलश यात्रा

सूरतगढ़, श्री गणेश चतुर्थी के अवसर पर ढाब स्थित प्राचीन गणेश मंदिर मैदान में आयोजित 10 दिवसीय गणेश महोत्सव के तीसरे दिन गुरुवार को श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ किया गया। श्री गोशाला स्थित श्री राधा-कृष्ण मंदिर में विधिवत पूजा अर्चना के साथ कलश पूजन के बाद यात्रा को रवाना किया गया।

मुख्य यजमान नारायणी देवी दाधीच परिवार ने कलश पूजन करवाया। मंदिर के मुख्य पुजारी शास्त्री सुरेश शर्मा, पं. ओजस्वी शास्त्री, पं. रोहन, हिमांशु शर्मा सहित पीलीबंगा गुरुकुल के विद्यार्थी कृष्ण व मयंक ने वैदिक मंत्रोच्चारण से पूजन करवाया। कलश यात्रा कथाव्यास श्री प्रियव्रत जी महाराज के सानिध्य में श्री गोशाला से रवाना होकर शहर के मुख्य मार्गों से होती हुई श्री गणेश मंदिर धाम ढाब परिसर में कथा स्थल पर पहुंची।

कथा शुभारंभ अवसर पर वृंदावन से कथाव्यास प्रियव्रत महाराज ने श्रीमद्भागवत की आरती करवाकर कथा का वाचन प्रारंभ किया। मुख्य यजमान दाधीच परिवार ने उनका विशेष सम्मान किया।

व्यवस्थाओं में सेवादार बालाजी दाधीच, लक्की स्वामी, करणीदान डाल, मुरलीधर पारीक, हेमंत सिंह, आशुतोष, राहुल, मुरली देरासरी, भीम जोशी, शंकर लाल जवरिया, मोहित भोजक, भावेश सारड़ा आदि ने सहयोग किया।

मुख्य पुजारी पं. सुरेश शर्मा ने बताया कि श्री गणेश मंदिर ढाब मैदान में 3 सितंबर तक आयोजित श्रीमद्भागवत कथा प्रतिदिन अपराह्न 3 से शाम 6 बजे तक होगी। महोत्सव के अंतिम दिन 4 सितंबर की सुबह 9 बजे हवन होगा और दोपहर ढाई बजे श्री गणेश प्रतिमा की शोभायात्रा निकाली जाएगी।

जिसका बिरधवाल हैड पर प्रतिमा विसर्जन के साथ 10 दिवसीय महोत्सव का समापन होगा। विसर्जन स्थल तक श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मंदिर समिति की ओर राजकीय अस्पताल के आगे से बसों की व्यवस्था रहेगी।

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)
Telefax No. 0154-2466652, Email :- uit_sgnr@yahoo.com Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001
क्रमांक :- नियोजन/2025/ **विज्ञप्ति** दिनांक : 28.08.2025
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि न्यास योजना मॉडल टाऊन प्रथम भूखण्ड संख्या G-12 (Corner) भूखण्ड माप 37'-0'' X 49'-0'' Feet का 99 सालाना आवासीय पट्टा संख्या 151 दिनांक 08.05.2017 द्वारा श्री राजेश शर्मा पुत्र श्री नत्थूराम निवासी गणेशगढ़, तहसील व जिला श्रीगंगानगर (राज.) के नाम से जारी है। न्यास योजना मॉडल टाऊन प्रथम भूखण्ड संख्या G-12A भूखण्ड माप 14'-0'' X 49'-0'' Feet का 99 सालाना आवासीय पट्टा संख्या 255 दिनांक 07.05.2018 द्वारा श्रीमती विजय गुप्ता पत्नी श्री प्रेमनाथ गुप्ता निवासी ए/3 इन्द्रप्रस्थ कॉलोनी, मॉडल टाऊन, मालवीय नगर, जयपुर (राज.) के नाम से जारी है। उक्त भूखण्ड का नियमानुसार न्यास पत्र क्रमांक भू. वि./2018/376 दिनांक 18.10.2018 द्वारा श्री राजेश शर्मा पुत्र श्री नत्थूराम शर्मा निवासी गांव गणेशगढ़, तहसील व जिला श्रीगंगानगर के नाम से नामान्तरण-पत्र जारी है। आवेदक द्वारा उपरोक्त वर्णितानुसार आवासीय भूखण्ड संख्या G-12 (Corner) भूखण्ड माप 37'-0'' X 49'-0'' Feet के साथ चिपते आवासीय भूखण्ड संख्या G-12A भूखण्ड माप 14'-0'' X 49'-0'' Feet का पुनर्गठन करते हुये यथाकुल भूखण्ड माप 51'-0'' X 49'-0'' Feet वाणिज्यिक भू-उपयोग परिवर्तन किये जाने हेतु न्यास कार्यालय में आवेदन किया है। श्रीगंगानगर मास्टर प्लान वर्ष 2017-2035 एवं जोनल प्लान में प्रस्तगत भूखण्ड का प्रस्तावित भू-उपयोग मिश्रित हेतु आरक्षित है। मिश्रित भू-उपयोग में वाणिज्यिक भू-उपयोग अनुज्ञेय है। राजस्थान सरकार नगरीय विकास एवं आवासन विभाग जयपुर द्वारा भू-उपयोग परिवर्तन नियम, 2010, अधिसूचना दिनांक 28.10.2010, दिनांक 24.02.2021, दिनांक 06.11.2024 एवं अधिसूचना दिनांक 14.10.2024 द्वारा जारी विकास प्रोत्साहन एवं नियंत्रण उपविधिया (Development Promotion & Control Regulations) के अनुसार पट्टे/लीजडीड में उल्लेखित उपयोग से चाहा गया परिवर्तित उपयोग दोनों ही मास्टर प्लान / जोनल डवलपमेंट प्लान के भू-उपयोग में (DPCR) के अनुसार अनुज्ञेय (परमिटेड) उपयोग में आने एवं तकनीकी मापदण्ड पूर्ण होने के कारण विभागीय अधिसूचनाओं के तहत भू-उपयोग परिवर्तन की कार्यवाही न्यास कार्यालय में विचाराधीन है। उपरोक्त वर्णित आवासीय भूखण्ड का यथाकुल माप 51'-0'' X 49'-0'' Feet का पुनर्गठन की शर्त पर आवासीय रूपान्तरित से मिश्रित (वाणिज्यिक) प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन बाबत किसी को कोई आपत्ति हो तो वह समाचार पत्र में प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में मय दस्तावेज सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर को कार्यालय समय में प्रस्तुत कर सकते है। 15 दिवस के बाद प्राप्त आपत्तियों पर विचार नहीं किया जावेगा। Rajkaj Ref. No. 17440662 - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)
Telefax No. 0154-2466652, Email :- uit_sgnr@yahoo.com Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001
क्रमांक :- नियोजन/2025/ **विज्ञप्ति** दिनांक : 28.08.2025
सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि चक 6 ई छोटी मुरब्बा नं. 39 के किला नं. 1 के भूखण्ड संख्या SIN-03 भूखण्ड माप 36'-3'' X 60'-0'' Feet का आवासीय फ्री होल्ड पट्टा संख्या 29117 दिनांक 07.07.2025 द्वारा श्री प्रद्युम्न प्रकाश शर्मा पुत्र श्री ओमप्रकाश शर्मा निवासी 310 बी, थर्ड फ्लोर, द ग्रांड गोलगढ़, हवा सड़क, जयपुर (राज.) के नाम से जारी है। आवेदक द्वारा उक्त भूखण्ड का आवासीय से वाणिज्यिक भू-उपयोग परिवर्तन किये जाने हेतु न्यास कार्यालय में आवेदन किया है। आवेदक द्वारा उक्त भूखण्ड का आवासीय से वाणिज्यिक भू-उपयोग परिवर्तन किये जाने हेतु न्यास कार्यालय में आवेदन किया है। उक्त प्रस्तगत भूखण्ड का भू-उपयोग श्रीगंगानगर मास्टर प्लान वर्ष 2017-2035 में प्रस्तावित भू-उपयोग आवासीय एवं जोनल प्लान में प्रस्तावित भू-उपयोग सड़क के सहारे सहारे सड़क चौड़ाई का 1.5 गुणा मिश्रित पट्टी हेतु आरक्षित है। नगरीय विकास एवं आवासन विभाग जयपुर की अधिसूचना क्रमांक प. 11 (8) नविवि/2020 दिनांक 14.10.2024 द्वारा जारी विकास प्रोत्साहन एवं नियंत्रण उपविधियां की तालिका सं. 10 के अनुसार मास्टर प्लान/जोनल प्लान में 18 मीटर व उससे अधिक चौड़ाई की सड़कों के दोनो ओर सड़क की चौड़ाई का 1.5 गुणा तक मिश्रित भू उपयोग सीधे ही अनुमत है। मास्टर प्लान 2017-35 एवं राजस्थान मॉडल भवन विनियम के प्रावधानों के अनुसार मिश्रित भू उपयोग में वाणिज्यिक भू उपयोग अनुज्ञेय है। राजस्थान सरकार नगरीय विकास एवं आवासन विभाग जयपुर द्वारा भू-उपयोग परिवर्तन नियम, 2010, अधिसूचना दिनांक 28.10.2010, दिनांक 24.02.2021, दिनांक 06.11.2024 एवं अधिसूचना दिनांक 14.10.2024 द्वारा जारी विकास प्रोत्साहन एवं नियंत्रण उपविधिया (Development Promotion & Control Regulations) के अनुसार पट्टे/लीजडीड में उल्लेखित उपयोग से चाहा गया परिवर्तित उपयोग दोनों ही मास्टर प्लान /जोनल डवलपमेंट प्लान के भू-उपयोग में (DPCR) के अनुसार अनुज्ञेय (परमिटेड) उपयोग में आने एवं तकनीकी मापदण्ड पूर्ण होने के कारण विभागीय अधिसूचनाओं के तहत भू-उपयोग परिवर्तन की कार्यवाही न्यास कार्यालय में विचाराधीन है। उपरोक्त वर्णित आवासीय भूखण्ड का आवासीय रूपान्तरित से मिश्रित (वाणिज्यिक) प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन बाबत किसी को कोई आपत्ति हो तो वह समाचार पत्र में प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में मय दस्तावेज सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर को कार्यालय समय में प्रस्तुत कर सकते है। 15 दिवस के बाद प्राप्त आपत्तियों पर विचार नहीं किया जावेगा। Rajkaj Ref. No. 17440165 - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

संवत्सरी पर्व पर एक दूसरे से जाने अन्जाने में हुई भूलों के लिए क्षमापना

बीकानेर, । जैन श्वेताम्बर मूर्ति पूजक पार्श्वचन्द्र गच्छ संघ के पर्युषण पर्व के अंतिम दिन गुरुवार को संवत्सरी पर्व मनाया गया । आसानियों के चौक के रामपुरिया उपासरे में साध्वीश्री पद्म प्रभा के सान्निध्य में वयोवृद्ध साध्वी सुव्रताश्रीजी ने कल्पसूत्र के मूलपाठ बारासा सूत्र का वांचना की। अनेक श्रावक-श्राविकाओं ने उपासरे में बैठकर पौषध (मुनि व साधु जैसी साधना) की । सामूहिक प्रतिक्रमण किया तथा एक दूसरे से जाने अन्जाने में वर्ष भर में हुई भूलों व गलतियों के लिए क्षमापना की।

जैन श्वेताम्बर मूर्ति पूजक पार्श्वचन्द्र गच्छ संघ के अध्यक्ष रविन्द्र रामपुरिया व मंत्री प्रताप रामपुरिया ने बताया कि गंगाशहर मार्ग पर स्थित पार्श्वनाथ बगीची में शुक्रवार को दोपहर ढाई बजे भक्ति संगीत के साथ पूजा होगी। बारासा सूत्र के समापन पर रामपुरिया मोहल्ले के भगवान महावीर स्वामी के मंदिर, बैदों के महावीरजी मंदिर, चिंतामणिजी मंदिर व आदिश्वरजी मंदिर में गाजे बाजे के साथ दर्शन वंदन किया। वापिस रामपुरिया उपासरे में पहुंचने पर साध्वी सुव्रता श्रीजी ने मंगल पाठ सुनाया तथा प्राकृत भाषा में भगवान आदिनाथ, नेमीनाथ, पार्श्वनाथ तथा भगवान महावीर स्वामी के सभी कल्याणां व जीवन संदेशों को सुनाया।

कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति, लूनकरनसर जिला बीकानेर (राज.)
क्रमांक :- 708 - 718 दिनांक :- 26/08/2025
ई-निविदा आमंत्रण सूचना
मुख्य मंडी प्रागण लूनकरनसर में चौकीदारी व्यवस्था (UBN- DAM2526SLOB00701) सफाई व्यवस्था (UBN- DAM2526SLOB00703) कम्प्यूटर ऑपरेटर (UBN- DAM2526SLOB00702) को वर्ष 2025-26 (अक्टूबर 25 से सितम्बर 26) के लिए ठेके पर दिये जाने के लिए इच्छुक रजिस्टर्ड फर्मो/संस्थाओ से ई-प्रोक्योरमेंट (www.eproc.rajasthan.gov.in) के माध्यम से ऑनलाइन ई-निविदाए दिनांक 15.09.2025 को सांय 05 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित अन्य विस्तृत विवरण किसी भी कार्य दिवस को कार्यालय समय पर इस मंडी समिति के कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा वेबसाइट www.sppp.rajasthan.gov.in एवं विभागीय पोर्टल agriculture.rajasthan.gov.in/mandi पर देखा/प्राप्त किया जा सकता है।
NIB Code - DAM2526A0388
प्रशासक सचिव
कृषि उपज मण्डी समिति लूनकरनसर
राज.संवाद/सी/25/8940

श्रद्धालु रामदेवरा रवाना

**अन